भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या- 30

उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

आंध्र प्रदेश में केवी और जेएनवी में स्मार्ट कक्षाएं

†*30. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का जिला- वार ब्यौरा क्या है;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में स्मार्ट कक्षा प्रणाली से सुसज्जित केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षाओं की जिला- वार, विशेषकर पलनाडु जिले में, संख्या कितनी है;
(ग) उक्त राज्य में इन स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना हेतु संवितरित निधि का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने विद्यार्थियों पर इन उपकरणों के लाभों और विद्यालयों में उन्हें बनाए रखने का अध्ययन करने के लिए कोई आकलन किया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ङ): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

******

आंध्र प्रदेश में केवी और जेएनवी में स्मार्ट कक्षाएं के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 30 के भाग (क) से (ङ) उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, आंध्र प्रदेश राज्य में वर्तमान में, 29 केंद्रीय विद्यालयों (केवि) में 404 स्मार्ट क्लासरूम (ई-क्लासरूम) स्थापित हैं और 15 जवाहर नवोदय विद्यालयों (जनवि) में 63 स्मार्ट कक्षाएं (ई-क्लासरूम) स्थापित हैं। पालनाडु जिले सहित आंध्र प्रदेश राज्य में स्मार्ट क्लास सिस्टम (ई-क्लास सिस्टम) से युक्त केवि और जनवि का जिला-वार ब्यौरा संलग्न है।

(ग) केविसं और नविसं को प्रत्येक वर्ष बजटीय सहायता अनुदान सहायता के रूप में समेकित आधार पर प्रदान की जाती है, न कि राज्य / संघ राज्यक्षेत्र/ विद्यालय / घटक-वार आधार पर। केविसं और नविसं से मिली सूचना के अनुसार, आंध्र प्रदेश राज्य में केवि और जनवि में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए चरणों में क्रमशः रु. 8.83 करोड़ (लगभग) और रु. 2.03 करोड़ (लगभग) वितरित किए गए हैं।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार ऑनलाइन शिक्षण-सीखने के लिए डिजिटल अवसंरचना, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और उपकरणों, वर्चुअल प्रयोगशालाओं, डिजिटल रिपॉजिटरी, ऑनलाइन मूल्यांकन, प्रौद्योगिकी और शिक्षाशास्त्र आदि में निवेश की आवश्यकता है, जिसके लिए विभिन्न पहलें की गई हैं। स्कूली शिक्षा के लिए, एनईपी 2020 के अनुरूप, केविसं और नविसं को आवश्यक वित्त पोषण तंत्र के साथ छात्रों, शिक्षकों और सभी हितधारकों के लिए और समग्र शिक्षा के तहत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों का विस्तार किया गया है। डिजिटल अंतक्षेपों को लागू करने में आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ या सीमाएँ जैसे स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, शिक्षकों का क्षमता निर्माण करना, अवसंरचना की स्थापना, निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि हैं। 17 मई, 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल शुरू की गई थी, जिसमें डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा संबंधी सभी प्रयासों को एकीकृत किया गया है ताकि शिक्षा तक मल्टी-मोड पहुंच को सक्षम बनाया जा सके। पीएम ई-विद्या पहल सभी राज्यों में सभी छात्रों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। पीएम ई-विद्या के प्रमुख घटकों में गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री प्रदान करने के लिए दीक्षा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूल शिक्षा के लिए पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल, रेडियो, सामुदायिक रेडियो और सीबीएसई पॉडकास्ट-शिक्षा वाणी का व्यापक उपयोग आदि शामिल हैं।

*****

अनुलग्नक

"आंध्र प्रदेश में केवी और जेएनवी में स्मार्ट कक्षाएं" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 30 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में स्मार्ट क्लास प्रणाली (ई-क्लास प्रणाली) युक्त केवि और जनवि का जिलावार ब्यौरा

क्र. सं.	जिला	केंद्रीय विद्यालय का नाम	स्मार्ट कक्षाओं (ई-क्लास प्रणाली) की सं.
1	अनंतपुर	एसके विश्वविद्यालय अनंतपुर	5
2		गूटी अनंतपुर	5
3		गुंतकल	8
4	बापतला	एएफएस सूर्यलंका	13
5	पूर्वी गोदावरी	ओएनजीसी राजमुंदरी	8
6	एलुरु	एलुरु	5
7	गुंटूर	गुंटूर	13
8	कडपा	कडपा	5
9	कृष्णा	मछलीपट्टनम	12
10	कुरनूल	कुरनूल	18
11	एनटीआर	नंबर 1 विजयवाड़ा	13
12	पलनाडु	नंबर 2 विजयवाड़ा	5
13		सत्तेनापल्ली	**2**
14	प्रकाशम	ओंगोल	13
15	एसपीएसआर नेल्लोर	कोथुरु	5
16	श्रीकाकुलम	श्रीकाकुलम	15
17	तिरुपति	नंबर 1 तिरूपति	20
18		नंबर 2 तिरूपति	5
19		वेंकटगिरी	10
20	विशाखापत्तनम	आईएनएस कलिंग भीमुनिपट्टनम	13
21		मल्कापुरम	25
22		एनएडी विशाखापत्तनम	26
23		नंबर 1 नौसेना बाग	25
24		नंबर 2 नौसेना बाग	25

25		नंबर 1 श्रीविजयनगर	25
26		नंबर 2 श्रीविजयनगर	24
27		इस्पात संयंत्र विशाखापत्तनम	16
28		वाल्टेयर	30
29	विजयनगरम	विजयनगरम	15

क्र.सं.	**जनवि [जिले]**	**स्मार्ट कक्षाओं की संख्या (ई-क्लास प्रणाली)**
1.	श्री सत्य साईं (तत्कालीन अनंतपुरमू)	11
2.	अन्नमय्या (तत्कालीन चित्तूर)	13
3.	काकीनाडा (तत्कालीन पूर्वी गोदवई - I)	2
4.	अल्लुरी सीतारमारजू (तत्कालीन पूर्वी गोदावरी - II)	2
5.	पलनाडु (तत्कालीन गुंटूर)	**2**
6.	अन्नमय्या (तत्कालीन कडप्पा)	2
7.	कृष्णा	3
8.	कुरनूल	2
9.	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर (तत्कालीन नेल्लोर)	11
10.	प्रकाशम - I	2
11.	प्रकाशम - II	2
12.	श्रीकाकुलम	3
13.	विशाखापत्तनम	3
14.	विजयनगरम	2
15.	एलुरु (तत्कालीन पश्चिमी गोदावरी)	3

*****